पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

रोटरी सामाजिक सेवा का पर्याय है

कोविड–19 के बचाव के नियमों का पालन करें

------

11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 'टीका उत्सव' मनाएं

टी0बी0 रोग से ग्रसित बच्चों एवं कुपोषित गर्भवती महिलाओं के लिए काम करें–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 10 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन लखनऊ से रोटरी मण्डल के 37वें वार्षिक अधिवेशन में आनलाइन सहभागिता की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि रोटरी समाजिक सेवा का पर्याय है। यह विश्व का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है, जो कि स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति, सद्भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कोविड–19 से बचाव के नियमों पर प्रकाश डालते हुए 45 साल के ऊपर आयु वालो को वैक्सीन लगवाने के लिए आह्वान किया तथा रोटरी के सदस्यों से अपेक्षा की कि प्रधानमंत्री के द्वारा की जा रही 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 'टीका उत्सव' मनाए जाने की अपील को जन–जन तक पहुंचाए। राज्यपाल ने टी0बी0 रोग से ग्रसित बच्चों एवं कुपोषित गर्भवती महिलाओं के कल्याण के क्षेत्र में और अधिक काम करने के लिए कहा ताकि प्रधानमंत्री जी का 2025 तक देश को टी0बी0 मुक्त देश बनाया जा सके। उन्होंने रोटरी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए और अधिक समन्वय के साथ काम करने की बात कही।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक गवर्नर श्री के0के0 श्रीवास्तव, श्रीमती कंचना श्रीवास्तव, ट्रेनर श्री रंजीत सिंह, चीफ एडवाइजर श्री शैलेन्द्र जैन, कांफ्रेंस चेयरमैन श्री ऋषि अग्रवाल, सचिव डा0 आभा वर्मा एवं समस्त जिला सचिवगण उपस्थिति रहे।

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (195/41)

Rajbhavan
Prafull Sharma
Rtn.Rajesh vaish...
SKAgarwal
Mute
Stop Video
Security
Participants
Chat
Share Screen
Pause/Stop Recording
Reactions


राजभवन उत्तर प्रदेश
Rotary
Rotary Opens Opportunities
RID 3120
Tarang
37th Rotary District Conference
Webinar on 10th and 11th April 2021
Chief Guest
From Rtn Manish Bansal to Everyone